अनमोल वचन

"आपको कोई पढ़ा नहीं पायेगा, कोई आध्यात्मिक नही बना सकेगा, यह आपको स्वयं करना है आत्मा से बड़ा गुरू कोई नही हैं।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




वर्ष : 13 अंक : 259 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शनिवार
6 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### आरबीआई के रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने के निर्णय की उद्योग संगठन एसोचैम ने की सराहना

नई दिल्ली (एजेंसी)। उद्योग संगठन एसोचैम ने आरबीआई के रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि यह विकास को गति देगा और उद्योग जगत को मजबूती प्रदान करेगा। एसोचैम के महासचिव सौरभ सान्याल ने कहा कि यह निर्णय आर्थिक प्रगति के साथ-साथ मुद्रास्फीति को एक सुरक्षित दायरे में बनाए रखने में मददगार होगा।

श्री सान्याल ने कहा कि ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का आरबीआई का यह फैसला अर्थव्यवस्था में विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद इस वित्तीय वर्ष में आर्थिक विकास मजबूत बना रहेगा।

### सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद शिकायत निवारण के लिए 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने किए आवेदन

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई की 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद शिकायत निवारण के लिए 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अंकों के सत्यापन के लिए सात हजार तीन सौ 14 आवेदन और पुनर्मूल्यांकन के लिए 63 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। बोर्ड ने मंगलवार को उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों में कमियों के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला था।

13 मई को 12वीं के परिणाम घोषित होने के बाद, कुछ विद्यार्थियों ने दिए गए अंकों से असंतोष व्यक्त किया और ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के अंतर्गत मूल्यांकन की सटीकता पर सवाल उठाए। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रणाली के कार्यान्वयन और खरीद संबंधी पहलुओं की समीक्षा शुरू की। जवाबदेही और विश्वास निर्माण उपायों के अंतर्गत बोर्ड के अध्यक्ष राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया गया और प्रशांत लोखंडे को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2 जून को सरकार ने संबंधित पहलुओं की जांच करने के लिए क्षमता निर्माण आयोग की अध्यक्ष एस. राधा चौहान की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र जांच का आदेश दिया था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 23 जून को 65 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 23 जून को दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में इस वर्ष के 65 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इससे पहले पिछले महीने श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी है। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। ये प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और नागरिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

## न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली



पटना (एजेंसी)। न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने आज पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल- सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन ने पटना के लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किमी दूर श्री विजयपुरम-3 में प्राकृतिक गैस का भंडार मिला



अंडमान द्वीप (एजेंसी)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने आज घोषणा की है कि अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर श्री विजयपुरम-3 में प्राकृतिक गैस का भंडार मिला है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री पुरी ने कहा कि यह खोज अंडमान सागर की विशाल ऊर्जा क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह खोज इस क्षेत्र में चल रहे अन्वेषण अभियान की सफलता का प्रतीक है। श्री पुरी ने बताया कि प्राकृतिक गैस का भंडार 355 मीटर की गहराई पर पाया गया है।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी में अठारह नमो ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कई पर्यावरणीय पहलों का शुभारंभ भी किया। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश बनकर उभरा है। उन्होंने नागरिकों से न केवल पेड़ लगाने बल्कि उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए पोषित और संरक्षित करने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरियाली बढ़ाना सबसे महत्वपूर्ण उपायों में से एक है। उन्होंने घोषणा की कि दिल्ली सरकार ने इस वर्ष राजधानी में 15 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने पौधारोपण के बाद उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी के महत्व बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली सरकार के तीन पर्यावरण प्रकाशनों- दिल्ली के लिए कार्य योजना, असोला भट्टी अभयारण्य प्रबंधन योजना और दिल्ली बर्ड एटलस का विमोचन भी किया गया।

# अमरीका और ईरान के बीच वार्ता जारी है: डॉनल्ड ट्रम्प




अमरीका(एजेंसी)। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमरीका और ईरान के बीच वार्ता जारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी समझौते में स्थायी रूप से ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका जाना चाहिए। व्हाइट हाउस में ट्रम्प ने कहा कि परमाणु अप्रसार उनकी सरकार के दृष्टिकोण का मुख्य उद्देश्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी समझौते के अंतर्गत ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

श्री ट्रंप ने 2015 के परमाणु समझौते की आलोचना करते हुए इसे ईरान के परमाणु हथियार हासिल करने का मार्ग बताया और यह दावा किया कि कोई भी नया समझौता मौलिक रूप से अलग होगा। ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए अमरीकी हमलों का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि ये ठिकाने "पूरी तरह नष्ट" कर दिए गए थे और उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी। श्री ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर अमरीकी सैनिकों को निशाना बनाया गया तो तुरंत जवाबी कार्रवाई की जाएगी। अमरीका के राष्ट्रपति की ये टिप्पणियां ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर दीर्घकालिक समझौते तक पहुंचने के लिए जारी राजनयिक प्रयासों के बीच आई।

## श्रीलंका में कोलंबो के पास होराना में एक वृद्धाश्रम में लगी आग में मरने वालों की संख्या 13

श्रीलंका(एजेंसी)। श्रीलंका में कोलंबो के पास होराना में एक वृद्धाश्रम में लगी आग में मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। पुलिस ने बताया कि होराना अस्पताल में इलाज के दौरान एक और पीड़ित ने दम तोड़ दिया। छह अन्य का अस्पताल में इलाज जारी है। लगभग 70 बुजुर्ग निवासियों वाले इस केंद्र में आग लग गई थी। आपातकालीन बचाव दल ने 51 लोगों को बचाया। वृद्धाश्रम के निदेशक को गिरफ्तार कर लिया है।




# असम मंत्रिमंडल का विस्तार, 12 नए कैबिनेट मंत्रियों ने ली शपथ



असम(एजेंसी)। असम मंत्रिमंडल का आज विस्तार किया गया। गुवाहाटी में आयोजित समारोह में 12 नए कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य गण्यमान्य लोगों की मौजूदगी में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ लेने वाले मंत्री हैं- अश्विनी राय सरकार, अशोक सिंघल, बिमल बोरा, बिस्वजीत दैमारी, जयंत मल्लबरुआ, कौशिक राय, केशव महंत, कृष्णेंदु पॉल, नीलिमा देवी, पीयूष हजारिका, डॉ. रणोज पेगू और सुसांत बोरगोहाई। केशव महंत असम गण परिषद का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि बाकी सभी मंत्री भारतीय जनता पार्टी से हैं।

इस विस्तार के बाद असम मंत्रिपरिषद में कुल मंत्रियों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है।

# गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना अंतिम चरण में



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार स्मार्ट बॉर्डर परियोजना को अंतिम रूप दे रही है।

गृह मंत्री आज त्रिपुरा में भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित लंकामुरा बॉर्डर आउट पोस्ट में आयोजित प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यह परियोजना अंतिम चरण में है और अगले वर्ष सीमा सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सीमा बल की तैनाती वाले सात से आठ संवेदनशील क्षेत्रों में इसका प्रायोगिक चरण शुरू किया जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और बिहार की सीमाओं पर अवैध घुसपैठ के कारण जनसंख्या संरचना में किसी भी तरह के बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बाड़ लगाने का काम प्राथमिकता पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में त्रिपुरा में 119 किलोमीटर लंबी नई डिजाइन की सीमा बाड़ के निर्माण को मंजूरी दी गई है, जिसका पहला चरण शुरू हो चुका है।

इस कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, सीमा सुरक्षा बल महानिदेशक प्रवीण कुमार तथा कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र विश्वविद्यालय को आदर्श नेट-जीरो कैंपस और पर्यावरण स्थिरता केंद्र में बदलने का आह्वान किया



आंध्र प्रदेश(एजेंसी)। के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र विश्वविद्यालय को एक आदर्श नेट-जीरो कैंपस और पर्यावरण स्थिरता केंद्र में बदलने का आह्वान किया है। उन्होंने विशाखापत्तनम स्थित विश्वविद्यालय में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से परिसर को हरित क्षेत्र में विस्तारित करने और जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित करने का आग्रह किया।

श्री नायडू ने परिसर को पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बनाने के लिए सौर ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, पुनर्चक्रण और जल संरक्षण उपायों को अपनाने पर जोर दिया।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरूक्षेत्र में आयोजित योग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

जीत समाचार हरियाणा(ब्यूरों)। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कुरूक्षेत्र में आयोजित योग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पंचकूला में आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ हरियाणा, समृद्ध हरियाणा और विकसित भारत के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि सूरजमुखी की फसल का पंजीकरण कराने के लिए पोर्टल लिए दोबारा खोला जाएगा।

जीत समाचार हरियाणा (ब्यूरों)।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि सूरजमुखी की फसल का पंजीकरण कराने के लिए पोर्टल 60 दिनों के लिए दोबारा खोला जाएगा।इस अवधि में किसान अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। वन विभाग द्वारा डेढ़ करोड़ पौधे रोपित किए जाएंगे तथा पक्षी दर्शन पर्यटन सर्किट विकसित किया जाएगा।

इसके अलावा, पिपली चिड़ियाघर का 70 करोड़ रूपये और भिवानी चिड़ियाघर का 25 करोड़ रूपये की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। सरस्वती संरक्षण वन में 55 करोड़ रूपये की लागत से पक्षी विहार का निर्माण भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पौधागिरी अभियान के तहत इस वर्ष प्रदेश के स्कूली बच्चों को 20 लाख पौधे वितरित किए जाएंगे।




# फिट इंडिया वर्ल्ड साइकिल डे स्पेशल कार्यक्रम 7 जून को होगा आयोजित : उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्लर




पलबल।फिट इंडिया वर्ल्ड साइकिल डे स्पेशल कार्यक्रम 7 जून को होगा आयोजित रू उपायुक्त डा. जयेंद्र सिंह छिल्ल। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत।सुबह 6 बजे हुडा सेक्टर-2 से शुरू होगी साइक्लोथॉन, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में होगा समापन, राहगीरी का भी होगा आयोजन।




**Samuh Samaj Sangathan (Regd.)**
2007 to Update
अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।
समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकठ्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।
किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।
9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शनिवार, 6 जून 2026



# संपादकीयः संपादक की कलम से

## अपराध और लापरवाही का 'इंडस्ट्रियल हब' बनता लुधियाना

पंजाब की आर्थिक रीढ़ और उद्योगों का सिरमौर कहा जाने वाला महानगर लुधियाना आज एक बेहद खतरनाक मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर शहर में जो कुछ भी घटा है! चाहे वह आरके रोड की पाना-चाबी फैक्ट्री में जहरीली गैस से बाप-बेटे समेत तीन मजदूरों की मौत हो, या फिर शृंगार सिनेमा रोड पर दिनदहाड़े हुई गैंगवार और अंधाधुंध गोलीबारीकृइन सभी ने मिलकर शहर के आम नागरिक को गहरे खौफ और असुरक्षा में धकेल दिया है। सवाल यह उठता है कि क्या देश के इस बड़े औद्योगिक केंद्र में इंसानी जान इतनी सस्ती हो चुकी है कि यहाँ न तो काम की जगह सुरक्षित है और न ही शहर की सड़कें?

फैक्ट्री हादसों और गैस लीकेज की बार-बार होने वाली घटनाओं ने औद्योगिक सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। ग्यासपुरा के पुराने जख्म अभी पूरी तरह भरे भी नहीं थे कि आरके रोड पर बिना किसी सेफ्टी किट, मास्क या वेंटिलेशन के मजदूरों को मौत के कुएं (सीवरेज टैंक) में उतार दिया गया। जब मुनाफा कमाने की होड़ में फैक्ट्री मालिकों की लापरवाही और प्रशासनिक विभागों की अनदेखी मिल जाती है, तो ऐसे ही दर्दनाक हादसे पैदा होते हैं। केवल हादसों के बाद एफआईआर दर्ज कर लेना या मुआवजे का मरहम लगा देना इसका स्थायी समाधान नहीं है। श्रम विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आखरि तब तक क्यों सोए रहते हैं जब तक कि कोई बड़ी बलि न चढ़ जाए?

दूसरी तरफ, महानगर की कानून-व्यवस्था का ग्राफ लगातार पाताल की ओर जा रहा है। व्यस्ततम और भीड़भाड़ वाले शृंगार सिनेमा रोड पर दोपहर के समय सरेआम गोलियां चलना इस बात का सीधा सबूत है कि अपराधियों के दिलों से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। जब शहर के बीच बाजार में बंदूकें गरजती हैं, तो केवल कानून की धज्जियां नहीं उड़तीं, बल्कि सरकार के उन बड़े-बड़े दावों की भी हवा निकल जाती है जिनमें राज्य को सुरक्षित और अपराध-मुक्त बनाने की बातें कही जाती हैं।

लुधियाना को अपराधियों की श्गैंगवारश् और फैक्ट्री मालिकों की 'लापरवाही' के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। अगर सरकार और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कड़े कदम नहीं उठाए, तो वह दिन दूर नहीं जब उद्योगों की यह चमक अपराध और प्रदूषण के अंधेरे में पूरी तरह खो जाएगी। अब समय आ गया है कि पुलिस कमिश्नरेट सड़कों पर अपनी साख बहाल करने के लिए अपराधियों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाए और जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों पर ऐसी कार्रवाई करे जो दूसरों के लिए नजीर बने। शहरवासियों को अब खोखले आश्वासनों की नहीं, बल्कि धरातल पर सुरक्षित माहौल की जरूरत है।

-कमल पवार(सम्पादक)

## हिमाचल के कोली समाज के इतिहास के मुख्य पहलू इस प्रकार हैं।

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

**मूल और पहचानः** हिमाचल में कोली समुदाय को 'सभ्यता का आधार' माना जाता है। बहुत से इतिहासकारों और लोक कथाओं के अनुसार, कोली समुदाय का संबंध प्राचीन 'कोल' जनजाति से माना जाता है, जो हिमालय के इन दुर्गम क्षेत्रों में सबसे पहले बसने वाले लोगों में से थे।

**क्षत्रिय वंश परंपराः** हिमाचल के कई कोली परिवारों में अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को लेकर राजपूत या क्षत्रिय गौरव से जुड़ाव देखने को मिलता है। यह समुदाय हिमाचल की सामाजिक संरचना में एक मजबूत स्तंभ रहा है।

### रियासती दौर और भूमिका

हिमाचल प्रदेश की छोटी-बड़ी रियासतों (जैसे सुकेत, मंडी, कुल्लू, और शिमला हिल्स की रियासतें) के प्रशासन और सेना में कोली समाज की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी।

**प्रशासनिक और सैन्य सेवाः** रियासती काल के दौरान, कोली समाज के लोग राजाओं की सेना में तैनात होते थे। वे अपनी शारीरिक मजबूती और पहाड़ी रास्तों की गहरी समझ के कारण कुशल योद्धा माने जाते थे।

**खेती और शिल्पः** कोली समुदाय ने हिमाचल की ऊबड़-खाबड़ जमीन को कृषि योग्य बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। इसके साथ ही, पारम्परिक वास्तुकला (जैसे लकड़ी पर नक्काशी) और हस्तशिल्प में भी इनका विशेष योगदान रहा है।

### सामाजिक ढांचा

**हिमाचली संस्कृति के वाहकः** हिमाचल की लोक संस्कृति, जैसे 'नाटी' नृत्य, पारंपरिक लोक गीत, और वाद्य यंत्रों (जैसे ढोल-नगाड़े) के संरक्षण में कोली समाज का योगदान अतुलनीय है। मंदिरों के निर्माण और वहां की उत्सव परंपराओं को जीवित रखने में इस समुदाय की भूमिका हमेशा से अग्रणी रही है।

**धर्म और देव परंपराः** हिमाचल में 'देव संस्कृति' का बहुत महत्व है। कोली समाज इन देव परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। कई मंदिरों के प्रबंधन और अनुष्ठानों में कोली समाज के व्यक्तियों की भागीदारी बहुत सम्मानित मानी जाती है।

### स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

हिमाचल की पहाड़ियों में ब्रिटिश शासन के खिलाफ जो भी विद्रोह हुए, उनमें कोली समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चाहे वह 1857 की क्रांति का असर हो या बाद के पहाड़ी आंदोलनों (जैसे मंडी या सुकेत सत्याग्रह), कोली समुदाय ने अपने स्वाभिमान और अधिकारों के लिए अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी थी।

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य

आज का हिमाचली कोली समाज शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हिमाचल की राजनीति, सरकारी प्रशासन, और सेना में कोली समाज के लोगों की उपस्थिति इसे एक सशक्त समुदाय बनाती है। वे आज भी अपनी पुरानी परंपराओं और देव-संस्कृति के साथ जुड़े रहकर आधुनिक भारत के विकास में योगदान दे रहे हैं।

**विशेष टिप्पणीः** हिमाचल में कोली समुदाय को अक्सर 'कोली-राजपूत' या 'कोली-क्षत्रिय' परंपराओं से जोड़कर देखा जाता है, जो उनके गौरवशाली इतिहास और गौरव का प्रतीक है।




जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# एलपीजी कंज्यूमर्स का आधार बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन 30 जून तक

जीत समाचार चंडीगढ़। स्टेट लेवल कोऑर्डिनेटर ने सभी एलपीजी कंज्यूमर्स से अपील की है कि जिन लोगों ने अभी तक अपना बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन नहीं कराया है, वे इसे 30 जून, 2026 तक पूरा कर लें। यह प्रोसेस मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के निर्देशों के तहत किया जा रहा है।

इसका मकसद यह पक्का करना है कि एलपीजी सब्सिडी का फायदा सही और एलिजिबल कंज्यूमर्स तक पहुंचे। जिन कंज्यूमर्स ने गैस कनेक्शन लेने के बाद कभी बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नहीं कराया है, उन्हें अपना ई-केवाईसी पूरा करना होगा। इसके लिए इंडियन ऑयल के कंज्यूमर्स 'इंडियनऑयल वन', एचपी गैस के कंज्यूमर्स 'एचपी-पे' और भारत गैस के कंज्यूमर्स 'हेलो बीपीसीएल' ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, वे अपने गैस डिलीवरी बॉय या गैस एजेंसी से भी कॉन्टैक्ट कर सकते हैं।

पंजाब में ऑयल इंडस्ट्री के स्टेट लेवल को ऑर्डिनेटर और आईओसीएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और स्टेट हेड आशुतोष गुप्ता ने कहा कि अगर 30 जून तक बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन नहीं हुआ तो एलपीजी सब्सिडी बंद हो सकती है।

उन्होंने कहा कि अगर कंज्यूमर तय समय में वेरिफिकेशन करवा लेते हैं, तो उन्हें रुकी हुई सब्सिडी मिल जाएगी। लेकिन अगर आखिरी तारीख के बाद वेरिफिकेशन होता है, तो पहले से रुकी हुई सब्सिडी नहीं मिलेगी। वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद ही अगली गैस रिफिल पर सब्सिडी का फायदा फिर से शुरू होगा।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने साफ कर दिया है कि बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन न होने पर भी कंज्यूमर को गैस सिलेंडर मिलते रहेंगे। इससे सिर्फ सब्सिडी के फायदे पर असर पड़ सकता है।

# पंजाब में अभिभावकों को बड़ी राहतः अब निजी स्कूल सालाना 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं बढ़ा सकेंगे फीस



जीत समाचार चंडीगढ़। पंजाब के लाखों अभिभावकों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने का बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि राज्य में अब कोई भी निजी शिक्षण संस्थान सालाना 5 प्रतिशत से अधिक फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकेगा।

नए कानून की मुख्य विशेषताएं:

**5 प्रतिशत फीस कैप:** यह सीमा केवल ट्यूशन फीस पर ही नहीं, बल्कि लाइब्रेरी फीस, डेवलपमेंट फंड और अन्य सभी अनिवार्य शुल्कों पर भी लागू होगी।

**अतिरिक्त वसूली की वापसी:** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों ने पिछले तीन वर्षों में तय सीमा से अधिक (15प्रतिशत से ज्यादा) फीस वसूली है, उन्हें वह अतिरिक्त राशि अभिभावकों को वापस करनी होगी।

**कठोर कानूनः** राज्य सरकार आगामी विधानसभा सत्र में इसे लेकर एक नया और सख्त कानून लाएगी। मुख्यमंत्री ने इसे निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ देश का सबसे कड़ा कानून बताया है।

**निगरानी तंत्रः** फीस वृद्धि की निगरानी के लिए एक रेगुलेटरी बॉडी का गठन किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्कूल शिक्षा को व्यावसायिक न बनाएं।

**दंडात्मक कार्रवाईः** नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और बार-बार गलती दोहराने पर उनकी मान्यता या संबद्धता रद्द की जा सकती है।

**सरकार का पक्षः**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बताया कि उन्हें अभिभावकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि निजी स्कूल मनमाने ढंग से फीस बढ़ा रहे हैं, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। हाल ही में अमृतसर में एक छात्रा की दुखद घटना के बाद सरकार ने इस दिशा में त्वरित कदम उठाने का निर्णय लिया है।

**शिक्षा में पारदर्शिताः**

सरकार का कहना है कि यह निर्णय शिक्षा के क्षेत्र में मुनाफाखोरी को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए लिया गया है। इस नए कानून के लागू होने से न केवल अभिभावकों को वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर भी स्थाई रूप से रोक लग सकेगी।




## गुरु नानक देव भवन में बैठक, विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू हुए शामिल



जीत समाचार लुधियाना (यादविंदर)।

'आप' की अगुवाई वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान के तहत आज गुरु नानक देव भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू इस बैठक में शामिल हुए बैठक का मुख्य फोकस समाज से नशे के खतरे को खत्म करने और हमारे युवाओं के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने पर रहा।विधायक सिद्धू ने कहा कि पंजाब सरकार नशों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जमीनी स्तर पर लोगों को जागरूक करके और नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई कर इस अभियान को कामयाब बनाया जाएगा।

## लुधियाना में सोमवार से बड़े स्तर पर सफाई अभियान शुरू, 10 किलोमीटर रूट के लिए अधिकारी होंगे जिम्मेदार



जीत समाचार लुधियाना (विक्की कुमार)।

नगर निगम लुधियाना सोमवार से पूरे शहर में व्यापक सफाई अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर को 10 किलोमीटर लंबे रूटों में बांटा जाएगा और प्रत्येक रूट के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

नगर निगम आयुक्तडॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सख्त निर्देश जारी किए हैं कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को कूड़ा-कचरा, मलबा और सीवरेज संबंधी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के लिए कहा गया है, जबकि जोनल कमिश्नरों को अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विनीत कुमार को पूरे अभियान का प्रभारी बनाया गया है। आयुक्त डॉ. गुप्ता ने कहा कि वे स्वयं और अन्य वरिष्ठ अधिकारी आने वाले दिनों में औचक निरीक्षण करेंगे।

# लुधियाना पुलिस को बड़ी सफलता, लूट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार




जीत समाचार लुधियाना(कमल पवार)।

थाना लाडोवाल पुलिस ने लूट और चोरी की वारदातों में शामिल एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर जज सिंह उर्फ बब्बलू को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि उसने अपने साथी गुरविंदर सिंह उर्फ रूबी के साथ मिलकर 28 मई 2026 को एक छोटे हाथी वाहन के चालक और उसके साथी के साथ मारपीट कर उनसे करीब 2,000 रूपये नकद और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे।

इस संबंध में थाना लाडोवाल में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान दोनों आरोपियों को नामजद किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जज सिंह उर्फ बब्बलू को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ रूबी की तलाश जारी है।

**बरामदगीः** ओप्पो कंपनी के 2 मोबाइल फोन प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी, लूटपाट और अन्य गंभीर अपराधों के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर लुधियाना ने दिखाई एकजुटता, प्लॉगर्स ड्राइव 2.0 में 1300 से अधिक लोगों ने लिया भाग

## डीसी हिमांशु जैन, नगर निगम कमिश्नर नीरू कत्याल समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने बढ़ाया प्रतिभागिंयों का हौसला



जीत समाचार लुधियाना। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फिलैंथ्रोपी क्लब द्वारा जिला प्रशासन, नगर निगम लुधियाना और सिटी नीड्स के सहयोग से आयोजित प्लॉगर्स ड्राइव 2.0 के माध्यम से शहरवासियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एकजुट होकर स्वच्छ और हरित लुधियाना का संदेश दिया।

इस अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन, नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल, एडीसी (जनरल) पायल गोयल तथा ज्वाइंट कमिश्नर जसदेव सेखों सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। अभियान में 1300 से अधिक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सुबह 5रू30 बजे शहर के 25 से अधिक विभिन्न रूटों से प्रतिभागियों ने जॉगिंग करते हुए प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया। एकत्रित कचरे को रोज गार्डन के बाहर नगर निगम के निर्धारित स्थल पर जमा करवाया गया। इस मुहिम में लगभग 35 एनजीओ, स्कूल, कॉलेज, कॉर्पोरेट संस्थान और शैक्षणिक संस्थाएं शामिल हुई।

फिलैंथ्रोपी क्लब की संस्थापक लखमिंदर कौर (डिक्की छाबड़ा) ने बताया कि अभियान के तहत सराभा नगर, मल्हार रोड, घुमाड़ मंडी, मॉडल टाउन, शिमलापुरी, साउथ सिटी रोड, दुगरी, पीएयू रोड, मॉल रोड, प्रीत पैलेस, भारत नगर चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में 35 टीमों ने प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने सतलुज क्लब से एक टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल ने श्री राम ग्लोबल प्री स्कूल, मॉल रोड से एक अन्य टीम को रवाना किया।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह साबित करती है कि लुधियाना स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए तैयार है।

नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है। ऐसे अभियान लोगों में जागरूकता पैदा करते हैं और शहर को साफ-सुथरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अभियान के दौरान प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा बिंदिया सूद द्वारा विशेष नृत्य प्रस्तुति और योग सत्र का भी आयोजन किया गया। लोगों को अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करने हेतु सबसे अधिक कचरा एकत्रित करने वाली टीमों को सम्मानित भी किया गया।

रोज गार्डन में आयोजित ईको मेला इस अभियान का प्रमुख आकर्षण रहा, जहां पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले स्टॉल लगाए गए। प्रतिभागियों ने ष्सस्टेनेबिलिटी चौंपियनष बनने के लिए उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इस अभियान को सफल बनाने में उड़ान, गीतांजलि सक्सेस एकेडमी, राधे-राधे ज्वेलर्स, सस्टेनेबिलिटी चौंपियंस, व्हील बिहेव, कैसी ओवरसीज, गप्पी मॉम्स, रिचविले और 3डी करिश्मा ने विशेष सहयोग दिया। आयोजकों ने कहा कि नागरिकों की शानदार भागीदारी यह दर्शाती है कि लुधियाना स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार शहर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित कर सकती है।इस मौके विम्मी बजाज अनु गुप्ता,प्रीति कपूर, जैज भोगल,अरविंदर पडा, सिमरत कथूरिया,श्वेता मिगलानी,रमनदीप,जयंत अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।

9803025111, 8878400009

# ग्राम पंचायत टम्बर ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, ग्रामीणों को दिया हरा-भरा संदेश



जीत समाचार जयसिंहपुर /टम्बर (अभिषेक न्यूज -एडिटर) शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर ग्राम पंचायत टम्बर की ओर से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

**पौधरोपण के साथ जागरूकता अभियानः**

कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत घर परिसर में पौधारोपण के साथ की गई। ग्राम पंचायत टम्बर के नवनिर्वाचित प्रधान रीना देवी जी व उप-प्रधान दलेर चंद जी और अन्य सदस्यों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के लिए स्वस्थ और साफ पर्यावरण छोड़ना है।

**पंचायत की ओर से ग्रामीणों को निम्नलिखित संदेश दिए गएः**

**पेड़ बचाओः** हमें न केवल नए पौधे लगाने चाहिए, बल्कि जो पहले से पेड़ हैं, उनकी रक्षा भी करनी चाहिए।

**स्वच्छताः** पंचायत के हर घर से निकले कचरे को सही तरीके से निस्तारित करने का आग्रह किया गया।

**प्लास्टिक से दूरीः** गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई।


**पंचायत का संदेश**

ग्राम पंचायत टम्बर के समस्त प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के निवासियों को पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई दी और कहा कि, 'विकास के साथ-साथ प्रकृति का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।'

पंचायत ने सभी युवाओं और महिला मंडलों से आह्वान किया है कि वे अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा रखने में अपना योगदान दें। आज के इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का वादा किया।

# हिमाचल प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए

जीत समाचार धर्मशाला (अभिषेक न्यूज-एडिटर) हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार रात 10 बजकर 04 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह भूकंप 5.0 तीव्रता का था और इसका केंद्र 32.289 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.434 डिग्री पूर्वी देशांतर पर, मात्र 5 किलोमीटर की कम गहराई पर स्थित था। कम गहराई के कारण झटके क्षेत्र में स्पष्ट रूप से महसूस किए गए स फिलहाल जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।



# लम्बागांवः पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ, एसडीएम संजीव ठाकुर ने दिलाई गोपनीयता की शपथ

जीत समाचार लम्बागांव/जयसिंहपुर(अभिषेक न्यूज-एडिटर)। जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत पंचायत समिति लम्बागांव के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आज शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम में एसडीएम जयसिंहपुर, संजीव ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और पंचायत समिति के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विकास कार्यों को मिलेगी गति शपथ ग्रहण के उपरांत, एसडीएम संजीव ठाकुर ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति के सदस्य सरकार और आम जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि प्रशासन की ओर से ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने में पूरा सहयोग दिया जाएगा। प्रतिनिधियों ने ली संकल्प की शपथ शपथ लेने वाले पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और



जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, विकास खंड अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर एसडीएम ने सभी सदस्यों को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में लम्बागांव क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# पोर्टल पर डाटा स्वयं भरेंगे तो मकानों की गणना में होगी आसानी




जीत समाचार हमीरपुर। जनगणना-2027 के पहले चरण में 16 जून से 15 जुलाई तक होने वाली मकानों के सूचीकरण एवं मकान गणना की प्रक्रिया हेतु नियुक्त किए जा रहे प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित करने के लिए यहां पुराने गर्ल्स स्कूल के परिसर में एक कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए जिला राजस्व अधिकारी नरेश कुमार पटियाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के लिए जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है। जनगणना के दौरान प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही सरकारी योजनाएं तैयार की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर फील्ड में जाकर सही डाटा एकत्रित करें और इसकी तुरंत ऑनलाइन अपलोडिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस बार की जनगणना की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है और इसमें लोगों को कंप्यूटर-लैपटॉप या मोबाइल से ऑनलाइन स्वयं की जानकारी अपलोड करने का विकल्प भी दिया गया है। इसके लिए स्वगणना पोर्टल एसई.सेन्सस. जीओवी.इन`म.बमदेने.हवअ.पद को पहली जून से 15 जून तक खोला गया है। सभी परिवारों के मुखिया या अन्य लोग 15 जून तक अपने मकानों एवं भवनों से संबंधित जानकारी स्वयं इस पोर्टल पर भर सकते हैं। इसकी प्रक्रिया बहुत ही आसान है और इसे कुछ मिनटों में ही पूरा किया जा सकता है। इसके पूरा होते ही संबंधित व्यक्ति की एक आईडी जनरेट होगी। 16 जून से 15 जुलाई के बीच जब प्रगणक मकानों के सूचीकरण के लिए आएंगे तो उन्हें यह आईडी दिखाकर मकान की गणना की प्रक्रिया को तुरंत पूर्ण करवाया जा सकता है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एनडीआरएफ ने लगाए 600 पौधे

जीत समाचार शिमला(ब्यूरो)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 14वीं वाहिनी, जसूर (नूरपुर), जिला कांगड़ा द्वारा शुक्रवार को व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहिनी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में कुल 600 पौधे रोपे गए। इनमें 150 अर्जुन, 150 शीशम, 150 आंवला, 50 बहेड़ा, 50 लसोड़ा, 46 कचनार तथा चार अमरूद के पौधे शामिल हैं।अभियान का आयोजन पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा हरित एवं सतत भविष्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीआईजी (एनबीआर) प्रवीण कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में हुआ।अभियान में वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, रेस्क्यू कर्मियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डीआईजी प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने, प्रदूषण को कम करने तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। एनडीआरएफ अधिकारियों के अनुसार अभियान का उद्देश्य पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना, हरित आवरण में वृद्धि करना तथा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में योगदान देना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## वन संपदा का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारीः किशोरी लाल



जीत समाचार बैजनाथ(ब्यूरो)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर आज वन विभाग के सौजन्य से दयोल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्रवासियों ने भी पौधारोपण अभियान में भाग लिया।

मुख्य अतिथि किशोरी लाल ने अपने संबोधन में कहा कि वन संपदा हमारी अमूल्य धरोहर है तथा इसका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वन केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते बल्कि मानव जीवन के लिए आवश्यक अनेक प्राकृतिक संसाधन भी उपलब्ध करवाते हैं।वनों से जहां हमें शुद्ध वायु, पशुओं के लिए चारा मिलता है वहीं विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां तथा औषधीय गुणों से युक्त पौधे भी प्राप्त होते हैं।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है तथा प्रदेश सरकार हिमाचल को ग्रीन ऊर्जा राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है तथा वाहनों में भी कूड़ादान रखने की निर्देश दिए गए है।

उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

उन्होंने लोगों से वनों में लगने वाली आग के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वनाग्नि से न केवल बहुमूल्य वन संपदा को नुकसान पहुंचता है बल्कि पर्यावरण एवं वन्यजीवों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं वन में आग लगने की घटना सामने आती है तो उसे नियंत्रित करने एवं बुझाने के प्रयासों में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर वन में आग लगाता हुआ पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग अथवा स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें ताकि उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इस अवसर पर विधायक किशोरी लाल ने हाल ही में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर रेंजर वन अधिकारी दीपक भरमौरी, वन खंड अधिकारी संदीप कुमार, अमित, गीता, राजकुमार, रीना, जगतराम, चमनलाल, उद्धोराम, मुंशीराम, सुभाष, मेहर, धर्मचंद, हाड़ी राम तथा कमल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## मुख्यमंत्री ने चिनार वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया





जीत समाचार शिमला (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज ओक ओवर शिमला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चिनार वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया। अपनी घनी छाया, सुन्दरता और पर्यावरणीय महत्व के लिए प्रसिद्ध चिनार का वृक्ष शिमला की जलवायु के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। इस पहल का उद्देश्य हरित क्षेत्र का विस्तार करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वानिकी, पर्यावरण प्रबंधन एवं ईको-टूरिज्म से संबंधित महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन भी किया। इनमें वन विभाग के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए तैयार की गई फील्ड हैंडबुक 'वन बोध', प्रधान मुख्य अरण्यपाल डॉ. संजय सूद द्वारा लिखित 'एनवायरनमेंटल मैनेजमेंट एंड रेगुलेशंस', 'फॉरेस्ट्री प्रोजेक्ट्सः फॉरेस्ट कंजर्वेशन, लाइवलीहुड इम्प्रूवमेंट एंड इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट', जिसमें जेआईसीए, केएफडब्ल्यू और आईडीपी परियोजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों का विवरण शामिल है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के 75 ईको-टूरिज्म स्थलों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया, जिसमें राज्य के प्रमुख पर्यावरणीय पर्यटन स्थलों का आकर्षक परिचय प्रस्तुत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रकाशन वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं तथा पर्यावरण संरक्षण में रूचि रखने वाले सभी लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तकें वन प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और ईको-टूरिज्म के क्षेत्रों में ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए उनसे पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए अग्रणी भूमिका निभाने तथा एक हरित एवं सतत भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर के विद्यार्थियों और 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के बच्चों को पौधे भी भेंट किए।

इस अवसर पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी, सुदर्शन बबलू और हरदीप बावा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान, हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष के.एस. खाची, एचपीसीसी के महासचिव विनोद जिंटा, मुख्य सचिव के.के. पंत, प्रधान मुख्य अरण्यपाल डॉ. संजय सूद और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया




जीत समाचार गोहर(ब्यूरो)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के उप परिसर, औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, थुनाग स्थित गोहरदृगुडाहरी में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. पी.एल. शर्मा ने वर्तमान जलवायु परिवर्तन की स्थिति पर प्रकाश डाला और इसके प्रभावों एवं समाधान के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, डॉक्यूमेंट्री निर्माण तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं सक्रिय सहभागिता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नवाचार को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर कुल 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया। कॉलेज प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया।